24-10-2023

Stone Mountain हाई DCSD के सबसे नए S.A.F.E. केंद्र का घर है: आशा और समर्थन की एक और किरण

अपने बिल्कुल नए विद्यार्थी एवं परिवार सहभागिता (*S.A.F.E.*) केंद्र को समर्पित करके Stone Mountain हाई स्कूल ने आधिकारिक रूप से विद्यार्थी समर्थन के नए युग में प्रवेश किया है। इस महत्वपूर्ण समावेश के साथ ही यह स्कूल DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (*DCSD*) में Cross Keys हाई स्कूल और Dr. Ronald E. McNair हाई स्कूल के बाद तीसरा ऐसा स्कूल बन गया है जो कक्षा के अंदर और बाहर विद्यार्थियों के समर्थन के लिए व्यापक सेवाएँ प्रदान करता है।

इस पहल का उद्देश्य मज़बूत सामुदायिक भागीदारियों के माध्यम से संरक्षण सेवाएँ देना है, ताकि स्कूल, घर और समुदाय से जुड़ी विद्यार्थियों की तात्कालिक आवश्यकताओं का समाधान किया जा सके। किताबों, ग्रेड और अकादमिक विकास से परे इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के हृदय, मन और आत्मा से संपर्क स्थापित करना है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वे स्कूल में और बाहर की दुनिया में कुछ बेहतर कर दिखाने के काबिल बन पाएँ।

20 दिसंबर को आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यार्थियों, स्कूल लीडरों, स्टाफ और समुदाय भागीदारों ने साथ मिलकर खड़े रहते हुए इस पहल के प्रति अपना समर्थन जताया। DCSD अधीक्षक Dr. Devon Q. Horton ने समझाया कि क्यों यह समर्थन मॉडल आवश्यक है।

"यह केंद्र हमारे परिवारों को जीवन में और भी अधिक तरक्की करने के ढेर सारे अवसर प्रदान करेगा। इस लगातार बदलती दुनिया में, हमें अपने विद्यार्थियों को सुरक्षित और सहायक स्थान उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे कि उनकी वास्तविक ज़रूरतों को पूरा किया जा सके, न कि उन ज़रूरतों को, जो हमें लगता है उनके लिए ज़रूरी हैं," कहना था Dr. Horton का। "*उत्कृष्टता की प्राप्ति* कुछ इस प्रकार से दिखाई देती है। इसका मतलब है कि अपने विद्यार्थियों में निवेश करना, ताकि ऐसे माहौल का निर्माण किया जा सके जो विकास और समझ को बढ़ावा देते हों।"

इस केंद्र को हकीकत बनाने में समुदायों ने भी DCSD का खूब सहयोग किया है। इनमें 100 Black Women Stone Mountain-Lithonia चैप्टर का राष्ट्रीय गठबंधन, Atlanta कम्युनिटी फूड बैंक, Amerigroup, Caron ट्रीटमेंट सेंटर, Families Advocating for Voices of Resilience, Inc. (*F.A.V.O.R.*), State Farm Insurance, The Progress Place, CAM फाउंडेशन, स्कूल समुदायों, Clark Atlanta विश्वविद्यालय, DeKalb काउंटी बाल न्यायालय, Stone Mountain युनाइटेड मेथडिस्ट चर्च, Pathways संक्रमण कार्यक्रम आदि शामिल हैं। सहयोगियों की यह शानदार सूची इस केंद्र के महत्व को दर्शाती है।

DeKalb काउंटी शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए इस परिवर्तनकारी व्यवस्था की कल्पना की थी।

"यह केंद्र एक ऐसी शानदार जगह है जो हमारे विद्यार्थियों को उनकी सबसे अनोखी कल्पनाओं से भी परे सोचने में मदद करेगा," उन्होंने बताया।

11वीं ग्रेड की विद्यार्थी Kyla Golden इसे अपना अत्यंत सुरक्षित स्थान मानती हैं जो उन्हें शांति, आराम और समझ-बूझ की जगह मानती हैं।

"हाई स्कूल के विद्यार्थियों के तौर पर, हमें अपने भविष्य के बारे में लगातार सोचना चाहिए। S.A.F.E केंद्र हमें एक ऐसा सुरक्षित स्थान मुहैया कराता है, जहाँ हम पलों का एहसास कर सकते हैं। यह सिर्फ कोई भौतिक स्थान नहीं है; यह एक ऐसा सुरक्षित स्थान है, जहाँ हम खुद को व्यक्त कर सकते हैं।"

विद्यार्थियों की इस प्रतिक्रिया से प्रधानाचार्य Michael Costa भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि Stone Mountain हाई स्कूल को इस नए केंद्र पर गर्व है और इसे लेकर उत्साहित है। साथ में स्कूल ये भी मानता है कि यह केंद्र H-PRIDE के लिए Dr. Horton की परिकल्पना के अनुरूप है, खास करके मानवीकरण और सहानुभूति को लेकर।

प्रधानाचार्य Costa ने कहा, "S.A.F.E केंद्र पाने वालों की सूची में शामिल होना और हमारे विद्यार्थियों, परिवारों और समुदाय को ये संसाधन प्रदान करने का अधिकार मिलना गौरव की बात है"।

Stone Mountain हाई स्कूल S.A.F.E केंद्र की तस्वीरें देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

XXX